# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 31 जनवरी, 2024

अंक : 493


## सचिव, कोयला मंत्रालय श्री अमृत लाल मीणा रहे वेकोलि के दो दिवसीय दौरे पर - की वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के कार्य-निष्पादन की समीक्षा







दिनांक 27 एवं 28 जनवरी, 2024 को श्री अमृत लाल मीणा (भा.प्र.से), सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, वेकोलि के दौरे पर रहे। अपने प्रवास के प्रथम दिन उन्होंने पेंच क्षेत्र की खदानों का निरीक्षण किया तथा वहाँ पीएसपी प्रोजेक्ट की संभावनाओं पर क्षत्रिय प्रबंधन से विस्तृत चर्चा की। अपने दौरे के दूसरे दिन उन्होंने वेकोलि मुख्यालय में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के कार्य-निष्पादन की समीक्षा की। उन्होंने वेकोलि को नई तकनीक अपनाते हुए राष्ट्र की उर्जा-ज़रूरतों की पूर्ति में अधिक योगदान देने की तैयारी करने और लाभप्रदता की अन्य संभावनाओं को तलाशने का सुझाव दिया। श्री मीणा ने कंपनी के कर्मियों को इस वित्तीय वर्ष के शेष दिनों में अपना उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

समीक्षा बैठक में वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने कंपनी की विविध गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में चेयरमैन, कोल इंडिया लिमिटेड श्री पी. एम. प्रसाद, निदेशक (तकनीकी/कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री ए. के. सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे, सभी क्षेत्रों के महाप्रबंधक एवं मुख्यालय के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति रही। समीक्षा बैठक के पूर्व उन्होंने वेकोलि के संचालन समिति के सदस्य गण से भेंट कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। तत्पश्चात श्री मीणा ने रेलवे तथा पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ बैठक की।

उन्होंने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने भारत सरकार की कोयले से संबंधित व्यावसायिक नीतियों के विषय में जानकारी दी। पत्रकार वार्ता में चेयरमैन, कोल इंडिया लिमिटेड श्री पी. एम. प्रसाद एवं वेकोलि के अध्यक्ष - सह - प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार भी उपस्थित रहे।





## वेकोलि ने हर्षोल्लास के साथ मनाया 75 वां गणतंत्र दिवस





वेकोलि में 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कंपनी के इंदोरा परिसर स्थित मैदान में आयोजित समारोह में वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं सुरक्षा परेड का निरीक्षण किया। आगे, उन्होंने टीम वेकोलि को संबोधित किया एवं उत्कृष्ट सुरक्षा कर्मियों को पुरस्कार प्रदान किए।

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि वेकोलि ने इस वित्तीय वर्ष में किया गया कोयला उत्पादन, ओबी निष्कासन और डिस्पैच, स्थापना से अब तक के किसी भी वित्तीय वर्ष में, इस अवधि के लिए, सर्वाधिक है। उन्होंने दिनांक 22.01.2024 की स्थिति को साझा करते हुए बताया कि वेकोलि ने कुल 49.21 मिलियन टन कोयला उत्पादन, 54.58 मिलियन टन कोयला प्रेषण तथा 316.9 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवरबर्डन निष्कासन किया है। यह गत वर्ष से क्रमशः 12.65%, 15.05% एवं 31.05% अधिक है। उन्होंने आगे अपने उद्बोधन में वर्ष भर की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विश्वास जताया कि वेकोलि इस वित्तीय वर्ष का कोयला उत्पादन, प्रेषण एवं ओबी निष्कासन का लक्ष्य निश्चित ही पूर्ण करेगा।

समारोह में वेकोलि के निदेशक तकनीकी (संचालन एवं कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे, झंकार महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अनीता अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती आभा द्विवेदी, श्रीमती इंदु सिंह, डॉ. सोनाली म्हेत्रे तथा संचालन समिति एवं कल्याण मंडल के सदस्य, विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी तथा कर्मीगण उपस्थित रहे।

गणतंत्र दिवस समारोह में कंपनी के सभी क्षेत्रों ने भव्य और आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कर सब का मन मोह लिया। वणी क्षेत्र की झांकी को प्रथम, माजरी क्षेत्र की झांकी को द्वितीय तथा नागपुर क्षेत्र की झांकी को तृतीय पुरस्कार से नवाज़ा गया। समारोह में देश भक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।





## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार को टीम वेकोलि ने दी भावभीनी बिदाई





वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) परिवार ने दिनांक 31 जनवरी 2024 को अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार को भावभीनी बिदाई दी। उनकी सेवा-निवृत्ति के अवसर पर कंपनी मुख्यालय के सांस्कृतिक भवन में आयोजित सम्मान समारोह में उनका सपत्नीक सत्कार किया गया।

वेकोलि के सीएमडी श्री मनोज कुमार ने अपने उद्बोधन में वेकोलि के कार्यसंस्कृति की प्रशंसा करते हुए कहा की सब के मिले-जुले प्रयास से ही वेकोलि देश की कोयला आवश्यकताओं को पूर्ण करने की दिशा में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि वेकोलि ने उत्पादन - उत्पादकता के साथ ही, सामाजिक उत्तरदायित्व और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी नए मानक स्थापित किए है। उन्होंने वेकोलि के सभी कर्मियों का हृदय से आभार व्यक्त किया और वेकोलि की निरंतर सफलता के लिए शुभकामनाएँ दी।

कार्यक्रम में 31 जनवरी 2024 को सेवानिवृत्त हुए श्री महेंद्र बालुका, महाप्रबंधक (वित्त), श्री अजय नाथ वर्मा, विभागाध्यक्ष (सीएसआर/वेलफेयर), श्री के. आर. अम्बालकर, प्रबंधक (सचिवीय) तथा श्री डी. जे. बड़वाइक, वरिष्ठ क्लर्क को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर झंकार महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अनिता अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती आभा द्विवेदी, श्रीमती इंदु सिंह, डॉ सोनाली म्हेत्रे तथा निदेशक (तकनीकी/कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (योजना व परियोजना) श्री ए. के. सिंह, सीवीओ श्री अजय मधुकर म्हेत्रे, वेकोलि संचालन समिति एवं कल्याण मंडल के सदस्य आदि प्रमुखता से उपस्थित थे। कार्यक्रम में श्री कुमार के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। कार्यक्रम का संचालन श्री मिलिंद चाहंदे, प्रबंधक (जनसंपर्क) ने किया।











## वेकोलि में अंतर क्षेत्रीय प्राथमिक चिकित्सा प्रतियोगिता





वेकोलि में 18 एवं 19 जनवरी, 2024 को रेस्क्यू कॉम्प्लेक्स, इंदोरा में अंतर क्षेत्रीय प्राथमिक चिकित्सा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वेकोलि के सभी क्षेत्रों से 39, महिलाओं की 11, और ठेकेदार कर्मचारियों की 8 टीमों ने भाग लिया। पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह की अध्यक्षता श्री मनोज कुमार, सीएमडी, डब्ल्यूसीएल ने की। इस अवसर पर श्री कौशिक सरकार, खानिज (व्यावसायिक संरक्षण), पश्चिमी क्षेत्र, डीजीएमएस, श्री अनिल कुमार सिंह, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना), श्री अजय मधुकर म्हेत्रे, सीवीओ, श्री सी. जे. जोसफ, सदस्य, कोयला इंडिया सुरक्षा बोर्ड, साथ ही आईएलओ और स्टीयरिंग समिति के सदस्य उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

नागपुर क्षेत्र की टीम 'ए कैटेगरी' में तथा माजरी क्षेत्र की टीम 'बी कैटेगरी' में विजेता रही। वणी नॉर्थ क्षेत्र की महिला टीम अपनी श्रेणी में विजेता रही। ''ठेकेदार टीम'' कैटेगरी में पथखेड़ा क्षेत्र की टीम विजेता बनी। यह कंपनी स्तरीय प्रतियोगिता लगभग दस वर्षों के बाद आयोजित की गई। प्रतियोगिता में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले सदस्यों को सीआईएल इंटर सब्सिडीयरी प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना जाएगा।





## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार तथा निदेशक (तकनीकी एवं कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी रहे बल्लारपुर क्षेत्र के दौरे पर



वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार तथा निदेशक (तकनीकी एवं कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी ने दिनांक 17.01.2024 को बल्लारपुर क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बल्लारपुर क्षेत्र में नवनिर्मित गौरी डीप साइडिंग का उद्घाटन कर उसे बल्लारपुर क्षेत्र को समर्पित किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि गौरी डीप साइडिंग बल्लारपुर क्षेत्र की प्रेषण-स्थिति को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

तत्पश्चात्, उन्होंने सास्ती, पौनी II तथा गौरी पौनी खदानों का निरीक्षण किया। इस दौरे में उनके साथ महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट अफ़ेयर्स) श्री तरुण कुमार श्रीवास्तव एवं बल्लारपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री सब्यसाची डे प्रमुखता से उपस्थित थे।